आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 29.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज चमोली जिले के गोचर में राज्य स्तरीय किसान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करेगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक सेवा क्षेत्र की महाशक्ति बनाने के लिए राज्यों से विनिर्माण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2025 में भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और स्पष्ट रूप से संगठित किया है।
- और.. विद्युत विभाग ने हरिद्वार जिले के लक्सर में बिजली बकायेदारों पर कार्रवाई की।

शिवराज सिंह

चमोली के गौचर में आज राज्य स्तरीय किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अब से कुछ देर में कार्यक्रम को संबोधित करेगे। इस दौरान किसान दिवस सम्मेलन में किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के 95 विकासखंड लाइव प्रसारण से जुड़े हैं।

गौरतलब है किसानों की समस्याओं के निवारण तथा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने लिए राज्य सरकार ने प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को "किसान दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसका शुभारंभ आज केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से इसे शीर्ष प्राथमिकता देकर वैश्विक कंपनियों को आकृष्ट करने के लिए बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने का आग्रह किया।

अभियान

पौड़ी गढ़वाल जिले के थलीसैंण से बीरोंखाल मोटर मार्ग पर जिला प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 14 वाहनों की जांच की गई, जिसमें से 03 वाहनों के चालान किए गए। जांच में कुछ वाहन बिना वैध कागजात, बिना टैक्स व बिना हिल ट्रैवलिंग

सर्टिफिकेट के संचालित पाए गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

अभियान का नेतृत्व उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मंगल सिंह की उपस्थिति में किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा व परिवहन नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार के संयुक्त जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

जंगलों में आग

प्रदेश के पहाड़ों में समय पर बारिश व बर्फबारी न होने की वजह से वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ विकासखंड में नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के गोविंदघाट रेंज में अचानक जंगलों में आग लगने से चारों तरफ धुंआ फैल गया। ऐसे में वन्य जीव ग्रामीण क्षेत्रों की और रूख कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ समय से जंगलों में आग की घटनाओं की अधिकता से जंगली जानवर खुद की सुरक्षा के लिए रिहायशी हिस्सो में आने लगे है जिससे काश्तकारों की फ़सलों के नुक़सान के साथ जान को भी ख़तरा बना हुआ है।

खेल महाकुंभ

पौड़ी गढ़वाल जिले के न्याय पंचायत ल्वाली के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधि खेलकूद प्रतियोगिता खेल महाकुंभ का शुभारंभ डडुवा देवी खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

विशेष श्रृंखला– सुधारों का वर्ष

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। इस वर्ष कई नीतियों को कार्यरूप दिया गया और इनके माध्यम से प्रगति को साकार बनाया गया। आज विशेष श्रृंखला– सुधारों का वर्ष में हम रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति की चर्चा कर रहे हैं।

बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिद्वार जिले के लक्सर के सुल्तानपुर में बिजली बिल बकाया रखने वालों के खिलाफ विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मोहल्ला दादाखान में चलाए गए विशेष अभियान के तहत करीब 30 लाख रुपये के बकायेदारों के 22 बिजली मीटर उतारे गए।

एसडीओ सचिन सचदेवा के अनुसार विद्युत विभाग बकायेदारों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से भारी बकाया है, उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय रहते बकाया जमा करने की अपील की।

रवांई लोक महोत्सव

उत्तरकाशी जिले की यमुना घाटी स्थित नौगांव में आयोजित रवांई लोक महोत्सव में रवांल्टी लोक संस्कृति के अनेक आयाम देखने को मिले। महोत्सव में शुद्ध लोक परंपराओं की विभिन्न विधाओं को मंच पर प्रस्तुत किया गया। महोत्सव की खास बात यह है कि आगंतुकों व अतिथियों का स्वागत "हरियाली छुपुकी" तथा स्थानीय वाद्ययंत्रों के माध्यम से किया गया। वहीं पांडाल में सजी केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की चित्र प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। मेले में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि मेले केवल आपसी मिलन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भुवनेश्वर मेला

वहीं जिले के चिन्यालीसौड़ स्थित भुवनेश्वर मेले का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भुवनेश्वरी देवी की डोली के सान्निध्य में भागीरथी घाटी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दर्जा धारी राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल ने किया। इस अवसर पर मेला प्रमुख रणवीर सिंह महंत ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और इन्हें संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

गौरतलब है कि पहाड़ों में थौलू मेलों की अपनी एक अलग पहचान रही है। मान्यता है कि जब किसानों की फसलें लहलहाती थीं, तब बैसाख माह में लगने वाले एकदिवसीय मेलों में गांव की ध्याणियां और नाते–रिश्तेदार एक–दूसरे से मिलते थे।

मौसम

राज्य में एक बार फिर मौसम के मिजाज में बदलाव के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से राज्य के तीन हजार दो सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। इसके साथ ही उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

वहीं, देहरादून समेत राज्य के कई मैदानी इलाकों में आज सुबह से मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों के लिए शीत दिवस को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार, आने वाले दो से तीन दिनों तक तापमान में खास बदलाव नहीं होगा, हालांकि इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।